# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 03.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा– समाज को शिक्षित करने और साकारात्मक परिवर्तन लाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका।
- राज्य सरकार ने मछुआरों की आय बढ़ाने के लिए मत्स्य आखेट पर लगने वाली रॉयल्टी को घटाकर एक प्रतिशत करने का लिया निर्णय।
- प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा–पंचायती राज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनाव परिणाम कांग्रेस के खिलाफ जनता का अविश्वास प्रस्ताव।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण सुधार किए लागू।
- सामाजिक न्याय व सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लाहौल स्पीति की शांशा पंचायत को देश भर में मिला प्रथम स्थान।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा है कि समाज को शिक्षित करने और साकारात्मक परिवर्तन लाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आज लोकभवन शिमला में हिमाचल प्रदेश की प्रेरणादायक उपलब्धियों पर आधारित कॉफी टेबल हाई फ्लायर के लोकार्पण अवसर पर ये बात कही। राज्यपाल ने प्रदेश के विकास और प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को पहचान दिलाने की इस पहल की सराहना की। इस दौरान उन्होंने पुस्तक में शामिल कई विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया। कविंद्र गुप्ता ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा आज समाज में एक गंभीर चुनौती बना हुआ है और युवाओं के लिए बड़ा खतरा बन गया है। राज्यपाल ने नशे की समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों पर भी बल दिया।

मत्स्य आखेट

राज्य के विभिन्न जलाशयों में मत्स्य पालन गतिविधियों से जुड़े मछुआरों की आय को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ने मत्स्य आखेट पर लगने वाली रॉयल्टी को 7 दशमलव 5 प्रतिशत से घटाकर एक प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस निर्णय से गोबिंद सागर, पोंग बांध, चमेरा, रणजीत सागर और कोल बांध जलाशयों पर आजीविका के लिए निर्भर करीब साढ़े 6 हज़ार मछुआरा परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नीति समर्थन, बुनियादी ढांचे के विकास और मूल्य संवर्धन पहलों के माध्यम से मछुआरों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज बेंगलुरु में कर्नाटक के मुख्यमंत्री के डी.के. शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। उन्होंने डी.के. शिवकुमार को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कर्नाटक विकास और जन कल्याण के नए आयाम स्थापित करेगा।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभार रणधीर शर्मा ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं व शहरी निकायों के चुनाव परिणामों ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति की दिशा व दशा स्पष्ट कर दी है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश देकर ये संकेत दे दिया है कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का समय निकट है। रणधीर शर्मा ने कहा कि ये केवल चुनावी जीत नहीं है बल्कि जनता द्वारा कांग्रेस के खिलाफ सुनाया गया अविश्वास प्रस्ताव है।

जज नियुक्ति

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियिम ने मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के नेतृत्व वाले सुप्रीमकोर्ट कॉलेजियम ने प्रदेश के तीन जिला न्यायिक अधिकारियों चिराग भानु सिंह, भूपेश शर्मा और योगेश जसवाल को जज नियुक्त करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने और अधिसूचना जारी होने के बाद ये नियुक्तियां प्रभावी होंगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 12 राज्यों के लिए दस हज़ार 21 करोड़ रूपए की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये निर्णय प्रधानमंत्री के हाउसिंग फॉर ऑल संकल्प को नई गति प्रदान करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब, वंचित व आवासहीन परिवारों के जीवन में साकारात्मक बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत देश भर में अब तक लगभग तीन करोड़  आवासों का निर्माण पूरा हो चुका है और हिमाचल को भी इस योजना का निरंतर लाभ मिल रहा है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए अनेक महत्वपूर्ण सुधार लागू किए जिनके साकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्नातक डिग्री पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप समाहित डिग्री कार्यक्रम शुरू करेगी। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न उद्योगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा और उन्हें स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम शुरू करने पर भी सरकार विचार कर रही है।

शांशा पंचायत

लाहौल–स्पीति जिला की शांशा पंचायत को सामाजिक न्याय व सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए देशभर में प्रथम स्थान मिला है। शांशा पंचायत को प्रतिष्ठित दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पंचायत प्रधान प्रशांत को प्रदान किया गया।

इस बीच मंडी जिला के बल्ह विकासखंड की लोहारड़ी ग्राम पंचायत ने क्लीन एंड ग्रीन पंचायत की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है।

## हैकाथॉन

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा सोलन में एक सौ 11 घंटो की हैकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें जम्मू कश्मीर व हिमाचल प्रदेश के शोधकर्ताओं ने भाग लिया। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण जेड.एस.आई के प्रभारी डॉ नवनीत ने बताया कि इस हैकथॉन में पुराने समय में किस तरह से जीव जंतुओं का संरक्षण व संवर्धन किया जाता था उस पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य भविष्य में नवीनतम व पौराणिक तरीके से जीव जंतुओं का संरक्षण करना है।

## बिल अदायगी

नाहन शहर में लंबे समय से पानी का बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ जलशक्ति विभाग सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। विभाग के सहायक अभियंता रोशन शर्मा ने बताया कि शहर में करीब एक सौ 20 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्होंने बार–बार नोटिस के बावजूद अपने बिलों की अदायगी नहीं की है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता एक सप्ताह के भीतर अपने पानी के बिलों का भुगतान नहीं करेंगे तो बिना नोटिस उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।